भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1090

गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएँ

1090. श्री शक्तिसिंह गोहिलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना लागू करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हाँ, तो लागू की जा रही योजनाओं के नाम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय, लद्दाख सहित समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है । अपनी जारी गतिविधियों के हिस्से के रूप में, यह अपनी ''बाजार विकास सहायता सहित विदेशी सवंर्धन और प्रचार'' (ओपीएमडी) और आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ''अतुल्य भारत'' ब्रांड-लाइन के तहत विदेशों में महत्वपूर्ण और संभावित बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org) और सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी लद्दाख सहित विभिन्न गंतव्यों के सवंर्धन का कार्य नियमित रूप से किया जाता है । हाल ही में अगस्त, 2021 में संघ राज्यक्षेत्र में पर्यटन के संवर्धन के लिए लेह, लद्दाख में तीन दिवसीय मेगा पर्यटन समारोह का आयोजन किया गया था ।

इसके अलावा देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए, पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत लद्दाख सहित राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । स्वदेश दर्शन योजना के तहत लद्दाख में निम्नलिखित परियोजनाओं की स्वीकृति दी गईं :

क) 7733.25 लाख रु. की कुल राशि से जम्मू-श्रीनगर – पहलगाम – भगवती नगर – अनंतनाग – सलमबाद ऊरी – कारगिल – लेह का एकीकृत विकास ।

ख) 944.98 लाख रु. की राशि से जंस्कर – पदुम में पर्यटक सुविधाओं के विकास सहित 8743.97 लाख रु. की राशि से जम्मू एवं कश्मीर में अनंतनाग – किश्वर – पहलगाम – दक्सुम – रंजीत सागर बांध परिपथ में पर्यटक सुविधाओं का विकास ।

ग) 9183.64 लाख रु. की राशि से गुलमर्ग – बारामुला – कुपवाड़ा – कारगिल – लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास ।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने केंद्रीय एजेंसियों को सहायता संबंधी योजना के अंतर्गत लेह में वर्ष 2019-20 में लोसर महोत्सव के आयोजन तथा साउंड एंड लाइट शो के लिए भी केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की है । होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम)/पाक कला संस्थान (एफसीआई)/ भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम)/राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं पोषाहार प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) को सहायता संबंधी योजना के तहत पाक कला संस्थान, लेह का उन्नयन करके उसे राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम), लेह बना दिया गया है ।

*****